कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।

पत्रांकःसमग्रशिक्षा / क0गा0बा0वि0–नियुक्ति / 3608-13 / 2023–24 दिनांकः06अक्टूबर 2023

विज्ञप्ति

जनपद–बलरामपुर में संचालित क0गा0बा0वि0 में संविदा आधारित शैक्षिक / शिक्षणेत्तर कार्मियों के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु महानिदेशक, स्कूल शिक्ष उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0: के0जी0बी0वी0 / शिक्षक / 8362 / 2020–21 दिनांकः 04.01.2021 द्वारा शासनादेश सं0: 1553 / 68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांकः 11 दिसम्बर 2020 के माध्यम से प्रदत्त निर्देश के क्रम में शैक्षिक / शिक्षणेत्तर कार्मियों के रिक्तियों के सापेक्ष निर्धारित अहर्ताधारी अभ्यर्थी से 01 वर्ष (शैक्षिक सत्र–2023–24, 11 माह 29 दिन) के लिए नवीन चयन / पदस्थापन / संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र सं0: एस0एस0ए0 / के0जी0बी0वी0 / नियुक्ति / 1366–75 / 2023–24 दिनांकः 15 जून 2023 द्वारा अहर्ताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित करायी गयी। रिक्त पदों के सापेक्ष निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों के क्रम में अर्ह पाये गये / जनपदीय चयन समिति के निर्णय के क्रम में अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों की जांच / काउन्सलिंग हेतु कट–आफ मेरिट का विवरण निम्नवत् है–

क्र0 सं0	पद नाम	विषय	कट आफ मेरिट (हाई स्कूल प्राप्तांक प्रतिशत का 10%+ इण्टरमीडियट प्राप्तांक प्रतिशतका 10%+ स्नातक प्राप्तांक प्रतिशत का 20%+ प्रशिक्षण प्राप्तांक प्रतिशत का 30%)				काउन्सलिंग हेतु निर्धारित तिथि
			EWS	अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु0जाति	
1	पूर्ण कालिक शिक्षिका	भाषा	-	-	-	37.16	16.10.2023 प्रातः 11 बजे से स्थल– कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।
2		सामाजिक विषय	45.39	47.27	45.58	-	
3		विज्ञान	44.33	-	-	-	
4		गणित	46.64	-	-	45.61	
5	अंश कालिक शिक्षिका	कला क्राफ्ट एंव संगीत / गृह शिल्प	43.89	38.42	-	38.42	
6		शारीरिक शिक्षा एवं स्काउट गाइड	-	-	43.62	42.65	

निर्देश–

1. उपरोक्त कटआफ मेरिट के अन्तर्गत अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्र / प्रमाण पत्र, जाति, निवास प्रमाण पत्र, नवीन ई0डब्ल्यूएस0 प्रमाण पत्र, आधार प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्रों की 02–02 प्रतियों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ मूल अभिलेख सहित दिनांकः 16.12.2023 को कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर में प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक काउन्सलिंग के समय उपस्थित होना सुनिश्चितच करें।
2. आवेदन पत्र में अंकित विवरण से भिन्न किसी भी अन्य प्रकार के अभिलेख / प्रमाण पत्र मान्य नही होगें।
3. काउन्सलिंग में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का कोई मार्ग व्यय देय न होगा।

4. चयन/नियुक्ति की कार्यवाही निर्धारित अर्हताओं की जांच में अर्ह पाये जाने की स्थित में ही चयन की कार्यवाही सन्दर्भित शासनादेश में प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार की जायेगी। काउन्सलिंग में उपस्थित होने मात्र से अन्तिम चयन नही माना जायेगा।
5. निर्धारित तिथि को काउन्सलिंग में उपस्थित न होने की दशा में सम्बन्धित के अभ्यर्थन पर विचार नही किया जायेगा।

(कल्पना देवी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बलरामपुर।

पृ0सं0: उक्तवत्।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बलरामपुर।
4. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बे0), देवीपाटन गोण्डा।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, बलरामपुर को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को http://balrampur.nic.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. व्यूरो चीफ दैनिक समाचार पत्र **हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण एवं अमर उजाला**, बलरामपुर को इस आशय से प्रेषित कि दिनांकः 05.10.2023 के अंक में उक्त विज्ञप्ति को पठनीय व न्यूनतम शासकीय दर पर अपने सम्मानित समचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा प्रकाशनोपरान्त भुगतान हेतु पेपर कटिंग के साथ बिल प्रस्तुत करें।
7. कार्यालय प्रति।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बलरामपुर।